देश के तीन आईआईएम में सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल को मिलेगी ट्रेनिंग

रांची . सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की ओर से स्कूलों के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए आईआईएम अमृतसर, संबलपुर और रांची का सहयोग लिया जाएगा। यह ट्रेनिंग टीम बिल्डिंग, बिल्डिंग हाई परफॉर्मेंस कल्चर, कॉम्पीटेंसी बेस्ड एजुकेशन, टाइम एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट आदि टॉपिक्स को कवर किया जाएगा। पहला चरण 27 अप्रैल से 1 मई तक और दूसरा चरण 4 से 8 मई तक होगा। तीसरी बार 28 से 30 अप्रैल तक आईआईएम संबलपुर में ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा। इसमें 29 अप्रैल से 2 मई को आईआईएम अमृतसर में ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन होगा। इसी क्रम में आईआईएम रांची में भी दो चरणों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

Danik Bhaskar, 25.02.2020, Pg. 01 (Supl.)